जानकारी कैसे प्राप्त की जाए?

उपयोगकर्ता द्वारा दी गई अपनी बुनियादी प्रोफाइल जैसे कि–लिंग, आयु, सामाजिक श्रेणी, आय आदि के आधार पर dial.gov सेवा के माध्यम से चिन्हित क्षेत्र में, उससे संबंधित योजनाओं और लाभों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते है।

- Call Center — 0120-3076200
- IVRS — 011-24300600
- Mobile App — मोबाइल सेवा
- Web Portal — वेब पोर्टल (www.dial.gov.in)

हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में जानकारी उपलब्ध है।

आम जनता के लिए समर्पित और व्यापक सूचनाप्रद सर्च इंजन

NATIONAL INFORMATICS CENTRE
THE IT SUPPORT PROFESSIONALS

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र

इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रोद्योगिकी विभाग,
संचार और सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय,
भारत सरकार,
ए–ब्लॉक,सी-जी-ओ काम्प्लेक्स लोधी रोड नई दिल्ली
संपर्क करें : 011- 24365146, 0024305689
ई–मेल करें : dial.gov@nic.in

आम आदमी के लिए मल्टी चैनल सूचना वितरण सेवा

dial.gov Common Man's Interface For Welfare Schemes

- Call Center 0120-3076200
- IVRS 011-24300600
- Web Portal www.dial.gov.in

dial.gov सेवा के बारे में

dial.gov सेवा आम आदमी का अंतराफलक है जिसकी शुरूआत दिसंबर 2012 में की गयी थी। इस एकीकृत मंच के माध्यम से सरकार द्वारा समाज के विभिन्न वर्गो को दिए जाने वाले विभिन्न लाभों की जानकारी दी जाती है।
dial.gov सेवा का उद्देश्य केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा प्रदान की गई विभिन्न योजनाओं और कल्याणकारी सेवाओं के बारे में नागरिकों को अवगत कराना है और उनकी पात्रता के आधार पर कल्याणकारी और लाभकारी योजनाओं के बारे में खोज करने के लिए सक्षम बनाना है।

वर्तमान में यह सेवा छात्रवृत्ति लाभ, पेंशन लाभ, किसान लाभ, महिला एवं शिशु लाभ , खेल लाभ, युवा लाभ और स्वास्थ्य लाभ के रूप में उपलब्ध है। इस सेवा के द्वारा श्रम लाभ और स्वरोजगार लाभों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

उद्देश्य

- dial.gov सेवा का उद्देश्य आम आदमी के लिए उपलब्ध विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं के बारे में सूचना प्रदान करने की सुविधा प्रदान करना है।
- कॉल सेंटर, इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टम, मोबाइल अनुप्रयोग और वेब पोर्टल जैसे कई चैनलों के माध्यम से केन्द्रित सूचना की जानकारी प्रदान करना है।

आम आदमी को क्या प्राप्त होता है?

छात्रवृत्ति लाभ

यदि आप एक छात्र हैं, तो आप अपने शैक्षिक कैरियर के विभिन्न स्तरों पर उपलब्ध छात्रवृत्ति लाभ के बारे में सूचना प्राप्त कर सकते हैं।

पेंशन लाभ

यदि आप एक नागरिक हैं,तो आप पेंशनरों की योग्यता के आधार पर, एक पेंशनभोगी या एक परिवार के सदस्य के रूप में पेंशन संबंधी लाभों के बारे में सूचना प्राप्त कर सकते हैं।

किसान लाभ

यदि आप कृषक समुदाय से संबंधित हैं,तो आप फसलों,मवेशियों,डेयरी और मत्स्य पालन के लिए कृषि क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और लाभों के बारे में सूचना प्राप्त कर सकते हैं।

महिला एवं शिशु लाभ

यदि आप एक महिला हैं,तो आप खुद के लिए और अपने बच्चे के लिए उपलब्ध कल्याणकारी योजनाओं के बारे में सूचना प्राप्त कर सकती हैं।

खेल लाभ

यदि आप एक खिलाड़ी हैं,तो आप अपनी पात्रता के अनुसार कल्याणकारी योजनाओं,लाभों,और सरकार समथित अनुदानों के बारे में सूचना प्राप्त कर सकते हैं।

dial.gov

युवा लाभ

यदि आप एक युवा हैं, और भारत के युवाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, तो आप हमारे देश में युवाओं के लिए उपलब्ध कल्याणकारी योजनाओं और लाभों के बारे में सूचना प्राप्त कर सकते हैं।

स्वास्थ्य लाभ

यदि आप स्वयं या किसी और के लिए स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानना चाहते हैं, तो यह आप के लिए उपलब्ध कल्याणकारी योजनाओं के बारे में सूचना प्रदान करता है।

श्रम लाभ *

यदि आप श्रम लाभ के बारे में जानना चाहते हैं, तो आप इस डोमेन के तहत उपलब्ध विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं और लाभों के बारे में सूचना प्राप्त कर सकते हैं।

स्वरोजगार लाभ

यदि आप एक उद्यमी या एक स्वनियोजित व्यक्ति हैं, तो आप इस क्षेत्र में चलायी जा रही विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में सूचना प्राप्त कर सकते हैं।

*dial.gov सेवा के आने वाले डोमेन हैं।